Date: 09/10/25

MIC-1

Topic : समाज : परिभाषा

→ बोलचाल की भाषा में समाज का अर्थ →

* समाज का तात्पर्य व्यक्तियों के किसी भी संगठन से है।

* जब हम, हिन्दू समाज, मुस्लिम समाज, ईसाई समाज जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं तो समाज से हमारा अभिप्राय व्यक्तियों के संगठन से होता है।

* क्षेत्र, भाषा और प्रजाति से संबंधित लोगों को भी एक-एक समाज के रूप में स्पष्ट कर दिया जाता है।

* कभी-कभी समान विशेषताओं अथवा समान व्यवसाय से संबंधित लोगों को भी एक समाज के रूप में स्पष्ट कर दिया जाता है। जैसे:- शिक्षक समाज, विद्यार्थी समाज, मजदूर समाज तथा दलित समाज जैसे शब्दों का प्रयोग कर दिया जाता है।

* विभिन्न सामाजिक विज्ञानों में भी समाज का अर्थ एक-दूसरे से भिन्न देखने को मिलता है। जैसे राजनीतिक शास्त्र राजनीतिक समूह, अर्थशास्त्र आर्थिक क्रियाओं वाले समूह आदि में देखते हैं।

Note: → उपयुक्त सभी अर्थ समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अवैज्ञानिक है।

PDF by
Dr. Nitish Vardhan
Sociology